हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 21 जून 2025



छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25

## मोहड़ कांड के तीन शूटर गिरफ्तार, अभाविप नेता संजय की तलाश में पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोहड़ वार्ड में माफियाओं द्वारा रेत का अवैध उत्खनन और ग्रामीणों पर फायरिंग किए जाने की घटना को लेकर प्रदेशभर में सियासत के गर्म होने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को तीन आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इधर एसपी मोहित गर्ग ने कहा कि मोहड़ कांड मामले में अभाविप नेता संजय सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीमें कई शहरों में दबिश दे रही है।

उल्लेखनीय है कि पिछले 11 जून को रात सात बजे के आसपास शहर से लगे मोहड़ वार्ड में रेत का अवैध उत्खनन करने के लिए तैयार किए जा रहे रैंप के निर्माण का विरोध करने पर रेत माफियाओं द्वारा ग्रामीणों पर फायरिंग की गई थी।

### ग्वालियर से गिरफ्तार किए गए आरोपी



### घटना में प्रयुक्त देशी कट्टा भी जब्त

पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी अभय सिंह तोमर के पास से एक नग देशी कट्टा एवं एक नग जिंदा कारतूस जब्त किया है। गिरफ्तार आरोपी अभिनव तिवारी का ट्रांजिट रिमांड लेकर अपराध में प्रयुक्त किए गए वाहन एमजी हैंटर सीजी-08-एआर-7157 को जब्त किया गया है।

### पुलिस ने लिया रिमांड

प्रकरण को लेकर पूछताछ करने और अन्य साक्ष्य संकलित करने के लिए पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड लिया है। मामले में संबंधित अन्य आरोपियों के लिए भी अलग-अलग टीम गठित कर सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### अभी तक सात की गिरफ्तारी

मोहड़ कांड को लेकर पुलिस ने अभी तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है, लेकिन इस कांड के मुख्य सरगना संजय सिंह की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस ने अभी तक वार्ड के भाजपा पार्षद संजय रजक, जेसीबी चालक भगवती निषाद, जेसीबी मालिक अभिनव तिवारी के साथ-साथ ग्वालियर से अतुल सिंह तोमर, जितेन्द्र नारौलिया, अमर सिंह परिहार, अभय सिंह तोमर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को आशंका है कि इस प्रकरण में कुछ और आरोपियों की भी संलिप्तता रही है। यही कारण है कि पुलिस की टीम द्वारा मध्यप्रदेश के कई शहरों, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश में पतासाजी में जुटी है।

पुलिस ने मामले में अभी तक चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने शुक्रवार को ग्वालियर के तीन शूटरों को गिरफ्तार किया है। पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने बताया कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर के आसपास इलाकों में दबिश देकर घटना में लिप्त आरोपी जितेन्द्र नारौलिया पिता जवाहर शर्मा 30 साल निवासी सिंगपुर रोड देसाई नगर मुरार ग्वालियर, अमर सिंह परिहार पिता सुनील सिंह परिहार 27 साल निवासी विजयनगर कालोनी आमखो लक्सर ग्वालियर तथा अभय सिंह तोमर पिता अमोल सिंह तोमर 20 साल निवासी ग्राम घनैता जिला को मुरार ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से सख्ती के साथ पूछताछ करने पर उन्होंने जुर्म करना स्वीकार किया है।

## खबर संक्षेप

### आज पहुंचेगी शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** श्री सत्यसांई बाबा की 100वीं जयंती कार्यक्रम देशभर में धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। बाबा की जयंती के उपलक्ष्य में देशभर में श्री सत्य साईं प्रेम प्रवाहिनी (श्री सत्य साईं रथ) की दिव्य एवं भव्यरथ शोभायात्रा निकाली जा रही है। शहर के श्री सत्य साईं अनुयायियों ने बताया कि उक्त सत्य साईं रथ शोभायात्रा अभी बालोद जिले में श्री सत्य साईं अनुयायियों के साथ भव्यता और दिव्यता के साथ भ्रमण कर रही है। श्री सत्य साईं अनुयाई डॉ. अनिल महाकालकर, राजेश, सुनील, एसआर नागेश्वर, बृजलाल वर्मा आदि ने बताया कि श्री सत्य सांई रथ शोभायात्रा का 21 जून को उक्त शोभायात्रा बालोद जिले के रानीतराई ग्राम से होते हुए दोपहर 2 बजे संस्कारधानी नगरी पहुंचेगी। उक्त सांई रथ के पुराना गंज चौक पहुंचने पर स्वागत किया जाएगा। इस दौरान शहर के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व सत्य सनातन धर्मियों व सत्य साईं अनुयायियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति बनी रहेगी।

### शिविर का समापन आज

**सड़क अतरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर कल शनिवार को सभी ग्राम पंचायत, सरकारी एवं निजी स्कूलों में योग का आयोजन रखा गया है। प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न आसन करने के तरीके एवं फायदा बताया जाएगा। सड़क अतरिया में 17 जून से आयोजित योग शिविर का समापन कल होगा। चार दिन से ग्रामीण एवं छात्र शिविर का लाभ ले रहे हैं।

### तीन साल पहले शहर के गुरूकृपा गोदाम में तेंदूपत्ते की हुई थी अदला-बदली

# 93 लाख के 'हरे सोने' की हेराफेरी ठेकेदार, रेंजर सहित 10 पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के नेशनल हाईवे में स्थित गुरूकृपा गोदाम में पिछले 2022 में तेंदूपत्ते की अदला-बदली कर सवा 93 लाख रुपए की हेराफेरी करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। तीन साल तक चली जांच प्रक्रिया के बाद फारेस्ट महकमे ने इस मामले में कोतवाली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने अमानत में ख्यानत के इस मामले में तेंदूपत्ता ठेकेदार सुधीर मानेक, रेंजर माखनलाल बंजारे और डिप्टी रेंजर जीवनलाल देशमुख सहित दस आरोपियों के खिलाफ अपराध कायम किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सन 2022 में राजनांदगांव जिला यूनियन द्वारा वन मंडल बीजापुर के लाट क्रमांक 64 ब समिति भैरमगढ़ के तेंदूपत्ते को राजनांदगांव स्थित गुरूकृपा गोदाम में भंडारित किया गया था। फारेस्ट महकमे को इस दौरान यह शिकायत मिली कि उक्त भंडारित तेंदूपत्ते में से अच्छे गुणवत्ता का पत्ता निकालकर पुराने कचरा और गुणवत्ताविहीन पत्ते बोरियों में भरकर गोदाम में रख दिया गया है। वहीं तेदूपत्ते के बोरों में कमी पाए जाने की भी शिकायत मिली थी। फारेस्ट महकमे ने इस मामले में जांच के आदेश जारी किए थे। पिछले तीन साल तक चली जांच प्रक्रिया की रिपोर्ट में बीजापुर के लाट के तेंदूपत्ते में अदला-बदली किए जाने की पुष्टि हुई है। अच्छे पत्ते की बजाए गोदाम में कचरा मिला है। वहीं गोदाम में कुल भंडारित 7348 वास्तविक बोरा में से 4679 वास्तविक बोरा ही पाया गया। गोदाम में 2669 वास्तविक बोरा तेंदूपत्ता कम पाया गया। जिससे शासन को 93 लाख 34 हजार 487 रुपए की क्षति हुई है। मुख्य गोदाम प्रभारी श्रीमती प्रमिला जुरेशिया ने जांच रिपोर्ट के आधार पर कोतवाली पुलिस में एफआईआर दर्ज कराई है।

### वन विभाग की जांच रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

#### हेराफेरी के बाद नहीं की खरीदी

वन विभाग की जांच समिति ने अपनी रिपोर्ट में उल्लेख किया है कि सन 2022 में वन मंडल बीजापुर के लाट क्रमांक 64 ब समिति भैरमगढ़ के तेंदूपत्ते को ठेकेदार सुधीर मानेक ने खरीदा था। तेंदूपत्ते को गुरूकृपा गोदाम में भंडारित किया गया था। ठेकेदार ने तेंदूपत्ते की क्रय राशि का भुगतान निर्धारित अवधि में प्रबंध संचालक जिला यूनियन बीजापुर को नहीं किया। जिसके कारण करारनामा निरस्त हो गया। ठेकेदार मानेक ने गोदाम के दोहरे तालों की चाबी को मुख्य गोदाम प्रभारी के पास जमा किया था। इस बीच शहर के राजेश चौथवानी की शिकायत पर जब मामले की जांच कराई गई तो इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है।



#### इन पर अपराध कायम

कोतवाली पुलिस ने फारेस्ट महकमे की जांच रिपोर्ट के आधार पर इस मामले में तेंदूपत्ता ठेकेदार सुधीर मानेक मकान नंबर 434 गुरूकृपा पाटीदार भवन के सामने राजनांदगांव, तात्कालीन मुख्य गोदाम प्रभारी रेंजर माखनलाल बंजारे वर्तमान में वन मंडल कांकेर, तात्कालीन गोदाम प्रभारी डिप्टी रेंजर जीवनलाल देशमुख वन मंडल कबीरधाम, गोदाम चौकीदार सुनील ठाकुर पटेल नगर राजनांदगांव, सुरक्षा श्रमिक जावेद अहमद तुलसीपुर, दिनेश मारकंडे बागतरई, निरंजन आलम सिंह ठाकुर राजनांदगांव, ईश्वर साहू तुमड़ीबोड़, यशवंत धनकर कौरिनभाठा, तीजराम मंडावी तुलसीपुर के खिलाफ आपराधिक षडयंत्र कर गोदाम में रखे बोरों की अदला-बदली एवं बोरो को हटाकर आपराधिक न्याय भंग करने की धारा 61_2, 316_2, 316_4 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

#### शीघ्र होगी गिरफ्तारी

फारेस्ट विभाग की जांच रिपोर्ट के आधार पर अपराध कायम कर लिया गया है। आरोपियों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। - **रामेन्द्र सिंह,** टीआई, कोतवाली

## पुरानी रंजिश पर चाकू से हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मोटर साइकिल को कट मारकर चलाने पर रंजिश रखते हुए विधि से संघर्षरत बालक ने चाकू से हमला किया। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी अभय चौहान 24 साल निवासी कश्मीरीपारा डोंगरगढ़ ने एक सप्ताह पूर्व विधि से संघर्षरत बालक को मोटर साइकिल को कट मारकर चलाने से मना कर समझाया था।

इसी बात पर विधि से संघर्षरत बालक चिढ़ गया और 18 जून को विधि से संघर्षरत बालक चाकू लेकर आया, जिसे प्रार्थी भगा दिया था। 19 जून को रात्रि करीबन 11.45 बजे प्रार्थी अभय चौहान मान होटल चौक के पास खड़ा था, उसी समय विधि से संघर्षरत बालक हिमेश यादव एवं अपने दोस्त हर्ष वर्मा व विजय कुंभकार के साथ आया और सभी मिलकर प्रार्थी अभय चौहान को गाली देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। मारपीट करने के दौरान विधि से संघर्षरत बालक अपने पास रखे एक धारदार चाकू से प्रार्थी के उपर हमला कर प्रार्थी को चोंट पहुंचा दिया।

जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### चाकू जब्त

पुलिस के अनुसार घटना बाद से फरार आरोपियों का पता तलाश पुलिस ने किया। विधि से संघर्षरत बालक एवं आरोपी हिमेश यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर विधि से संघर्षरत बालक से घटना में प्रयुक्त एक धारदार चाकू को जब्त किया गया है। आरोपी हिमेश यादव को धारा-296, 351(2), 118(1), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लिया गया है।

### माए एंगल




## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व पुलिस विभाग का योगाभ्यास

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पूर्व पुलिस द्वारा रक्षित केन्द्र में योगाभ्यास किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारी सहित 180 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए।

रक्षित केन्द्र में 20 जून को प्रातः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के एक दिन पहले पुलिस विभाग द्वारा योग सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक सहित जिले के 180 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों ने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए योगाभ्यास किया।

#### जीवन शैली का बनाए हिस्सा

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जो योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संदेश दिया। साथ ही कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। पुलिस जैसे चुनौतीपूर्ण सेवा क्षेत्र में योग मानसिक व शारीरिक संतुलन का प्रभावी साधन है। अधिकारियों व कर्मचारियों को नियमित योग अपनाने की प्रेरणा दी। जिससे वे तनावमुक्त व ऊर्जावान रह सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य बल के जवानों में तनाव प्रबंधन, एकाग्रता वृद्धि एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

## बदहाल शिक्षा व्यवस्था पर एनएसयूआई ने फूंका पूतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एनएसयूआई ने प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडेय के निर्देशानुसार प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर के नेतृत्व में दिग्विजय महाविद्यालय चौक पर शिक्षा के क्षेत्र में अव्यस्था को लेकर मुख्यमंत्री के पुतला दहन का आयोजन किया गया था। शिक्षा व्यवस्था में बदहाली, छात्रों को ट्रेवल एलाउंस, महाविद्यालयों में नियमित प्रोफेसर की कमी सहित अन्य मुद्दों को लेकर एनएसयूआई द्वारा दिग्विजय कॉलेज के सामने मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। इस पुतला दहन के आयोजन को लेकर एनएसयूआई प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर ने कहा कि प्रदेशभर के साथ-साथ जिले की शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो गई है और सरकार शराब दुकान खोलने में मस्त है। जिले के महाविद्यालयों में नियमित प्रोफेसर नहीं है। छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि यह बड़ी विडंबना है कि मुख्यमंत्री के पास ही शिक्षा विभाग है, फिर भी शिक्षा के क्षेत्र में अव्यवस्था है।



#### एनएसयूआई मुर्दाबाद के लगे नारे

पुतला दहन के दौरान एनएसयूआई के पदाधिकारी में गंभीरता दिखाई नहीं दी। उन्होंने इस दौरान प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी के बीच उल्टे एनएसयूआई मुर्दाबाद के नारे भी लगाए। ऐसा एक बार नहीं हुआ, बल्कि चार बार पदाधिकारी ने एनएसयूआई मुर्दाबाद के नारे लगाए, जिस पर कार्यकर्ताओं ने भी मुर्दाबाद- मुर्दाबाद कहा। इसके बाद एनएसयूआई की फजीहत हो गई।

#### वादा नहीं हुआ पूरा

पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष ऋषि शास्त्री, एनएसयूआई के प्रदेश सचिव राजा यादव, प्रदेश सचिव शुभम प्रजापति और विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष उज्जवल निर्मलकर ने कहा कि स्कूल और महाविद्यालय की व्यवस्था लचर होती जा रही है, बेरोजगारी चरम पर है। वहीं विष्णुदेव सरकार सुशासन तिहार मनाने में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में महाविद्यालय में अध्ययन करने वालों छात्रों के लिए आने-जाने के हेतु ट्रेवल्स एलाउंस किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद एक भी छात्र को इसका लाभ नहीं मिला। एनएसयूआई द्वारा आयोजित इस पुतला दहन में अभिमन्यु मिश्रा, यमन सांडे, टिकेश देशलहरे, आयुष, रोहित उत्केल, संजय सिन्हा, लोकेश साहू, यशवंत साहू, लव, अतुल लहरे, मयंक मिश्रा, जितेंद्र पटेल एवं अन्य कार्यकर्ता शामिल हुए।

### जिले में डेढ़ लाख विद्यार्थियों को बंटनी है साढ़े सात लाख पुस्तकें

# एप से किताबों को स्कैन करने में निकल रहे शिक्षकों के पसीने, 40 फीसदी विद्यार्थियों के पास नहीं पहुंची पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नया सत्र शुरू होने के साथ ही सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों को किताबें एवं गणवेश वितरण का भी दौर शुरू हो गया है। किताबों की हेरफेर रोकने के लिए इस बार प्रदेश शासन ने वितरण से पहले बारकोड स्केन करने का फरमान जारी किया है। जिले में भी सभी स्कूलों में टीचर बच्चों को किताब देने से पहले उनमें लगे बारकोड को एक एप के जरिये स्केन कर रहे हैं, लेकिन एप का सर्वर धीमा होने के चलते स्केनिंग कार्य में काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह है कि स्कूल खुलने के तीन दिन बाद भी जिले में आधे से अधिक बच्चों को किताबें नहीं मिल पाई है।

हालांकि शिक्षा विभाग यह दावा कर रहा है कि जल्द ही स्केनिंग का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। सभी सरकारी स्कूलों के बच्चों को किताबें उपलब्ध करा दी जाएगी। दूसरी ओर कार्य धीमा चलने के कारण टीचर पढ़ाई भी नहीं करा पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल पाठ्यपुस्तक निगम की ढ़ेरों किताबें कबाड़ खाना में मिली थी। जिसके बाद ही किताबों में हेरफेर का मामला गरमाया था। ऐसी स्थिति को देखते हुए ही इस नए सत्र से अब प्रदेश सरकार ने हर किताब के बाहर एक बारकोड लगा दिया है।

#### स्कूलों में पढ़ाई प्रभावित

विद्यार्थियो को पुस्तक देने के लिए दो बार स्कैनिंग करनी पड़ रही है। सर्वर के ठप होने के कारण स्कूलो में सुबह से लेकर दोपहर तक शिक्षको और बच्चो को हलाकान होना पड़ रहा है। सर्वाधिक दिक्कतें हिन्दी की पुस्तक में हो रही है। इसमें बार कोड की स्याही के बेहद खराब होने के कारण स्कैनिंग नहीं हो पा रही है।



#### बारकोड से मिलेगी पूरी जानकारी

बताया गया कि बारकोड में किताब को लेकर पूरी जानकारी शामिल रहेगी। यदि किसी स्कूल की सरकारी किताबें कहीं बेची जाती है तो बारकोड स्केन करने से यह पता चल जाएगा कि किताब किस जिले के कौन से स्कूल की है। इसके अलावा इस बारकोड में वितरण की तारीख का भी उल्लेख होगा। यही कारण है कि किताबों के बारकोड को स्केन करने के बाद ही विद्यार्थियों को किताबें दी जा रही है।

#### जिले में साढ़े सात लाख किताबें बंटेगी

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में पहली से दसवीं कक्षा तक करीबन 1.49 लाख विद्यार्थी हैं। अलग-अलग कक्षा में किताबों की अलग-अलग संख्या तय है। करीबन साढ़े सात लाख किताबें जिले में वितरित की जानी है। इसमें पहली से तीसरी तक तीन, चौथी-पांचवी में चार, छठवीं से आठवीं तक छह एवं 9वीं-10वीं के बच्चों को सात किताबें दी जाएंगी।

## योग से जीती जिंदगी की जंग

विनोद नामदेव ⏭ गंडई पंडरिया

योग दिवस विशेष

आज विश्व योग दिवस के अवसर पर दो ऐसे व्यक्तियों की दांस्ता सामने आई है, जिन्होंने योग के माध्यम से असहनीय दर्द और आसन्न मृत्यु को हराकर एक नया जीवन पाया है। इन दोनों शख्सियतों ने योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बना लिया है और उनमें से एक तो अब गंडई क्षेत्र के लिए योग गुरु बन गए हैं, जो सैकड़ों लोगों को निरोग रहने की प्रेरणा दे रहे हैं।

45 साल के संदीप आर्य (गोयल) के साल 2000 में उनके बाएं पैर की एड़ी में दर्द शुरू हुआ, शुरूआत में उन्होंने इसे सामान्य दर्द समझकर पेनकिलर लेना शुरू कर दिया। कुछ सालों तक लगातार पेनकिलर लेने का परिणाम यह हुआ कि उनकी तकलीफ बढ़ती चली गई, जब उन्होंने एमआरआई करवाया, तब उन्हें पता चला कि उन्हें आर्थराइटिस (रूमेटाइड आर्थराइटिस) और सर्वाइकल की समस्या हो गई थी। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि वे बैसाखी के सहारे चलने को मजबूर हो गए, उन्हें नागपुर के डॉक्टरों ने बताया कि उनका रोग लाइलाज हो चुका है और 25 साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो जाएगी, तभी उनकी बहन ज्योति ने उन्हें बाबा रामदेव के योग के बारे में बताया। संदीप ने टीवी पर योग देखा, लेकिन उनके शरीर में योग करने की बिल्कुल भी सामर्थ्य नहीं थी।



#### हरिद्वार में की योग साधना

इसी दौरान उन्हें फिर से सर्जरी के लिए नागपुर रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने कहा कि अब और सर्जरी करवाने का कोई फायदा नहीं, बचने की कोई उम्मीद नहीं है, तभी संदीप ने योग की राह अपनाई। हरिद्वार में उन्हें सात दिनों तक उन्हें स्वामी रामदेव के सानिध्य में पतंजलि योग समिति में योग करने का अवसर मिला। हरिद्वार से घर वापस आकर उन्होंने दो साल तक लगातार योग साधना की। जिससे उन्हें राहत मिली।

#### दुर्घटना के बाद योग से मिला जीवन

संदीप आर्य ने बताया कि गंडई निवासी सुकुमार गेडाम एक गंभीर दुर्घटना के शिकार हो गए। जिससे वे कोमा में चले गए थे, जब वे कोमा से बाहर आए, तो अपनी याद्दाश्त खो चुके थे। वे चलने-फिरने लायक नहीं थे, उनका शरीर बेडौल और टेढ़ा-मेढ़ा हो गया था, हाथ काम नहीं करते थे और पैरों से चला नहीं जाता था। संदीप ने गेडाम को लगातार योग सिखाना शुरू किया। कई सालों तक योग करने की वजह से उन्हें लाभ मिला है।

## खबर संक्षेप

### मेहुल पढ़ेगा प्रयास विद्यालय में



**जेवरतला रोड।** पूर्व बालक माध्यमिक शाला पिनकापार के छात्र मेहुल मेश्राम पिता सुरेश मेश्राम का चयन प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। उसके कामयाब होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानपाठक धनसिंह कौमार्य, शिक्षक रूकमसिंह देवांगन, हेमपुष्पा सुखदेव, अनिल कुंवर सेवता, शत्रुहन सोनकर, दुर्गेश सोनकर, श्यामकिरण नूनहारे, नितेश लोन्हारे, तोमेश्वरी साहू, संकुल समन्वयक रोशनलाल साहू ने बधाई देते हुए सम्मान किया।

### श्रमदान कर किया सफाई



**मुसरा।** ग्राम पंचायत खुर्शीपार के आश्रित ग्राम विष्णुपुर में स्वच्छता के प्रति आम जन को जागरूक करने श्रमदान किया गया। इस अवसर पर उप सरपंच भागवत वर्मा ने कहा कि ग्राम में स्वच्छता की अलख जगाने व स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है। उप सरपंच भागवत वर्मा, पंच कृष्णा यादव, सगनी गोंड ,नीलम यादव, प्रिया यादव, अवधराम यादव, नंदे वर्मा, मुरली यादव, समीर ठाकुर, आयुष वर्मा, हितेश वर्मा, सुखराम ठाकुर, निर्मला ठाकुर, कली ठाकुर, कांति यादव, रोहनी वर्मा, राजकुमारी वर्मा, ममता वर्मा, गीता ठाकुर, बिसाहीन यादव, तिरिथ यादव, सोहागा यादव, जननी वर्मा, भोज यादव, जामबाई वर्मा, दयाबती गोंड, सावित्री वर्मा आदि ने सहयोग दिया।

### हास्पिटल का लिया जायजा



**जेवरतला रोड ।** ग्राम पंचायत मुजगहन की सरपंच नीरा चुरामन हिरवानी ने गत दिनों ग्राम में स्थित आयुर्वेदिक औषधालय का निरीक्षण किया। उन्होंने औषधालय में कार्यरत डॉक्टर, औषधालय सेवक, सफाई कर्मी से जानकारी प्राप्त की। डॉ उदय भानु साहू एवं कार्यरत कर्मचारी द्वारा उत्कृष्ट सेवा दिया जा रहा है। यहां हमेशा मरीजों की भीड़ रहती है।

### प्रयास विद्यालय के लिए तीन छात्रों का चयन





**सड़क अतरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला संड़ी के तीन छात्रों का प्रयास विद्यालय में अध्ययन के लिए चयन हुआ है। शाला की ज्योति जंघेल, इन्द्रानी जंघेल तथा विकास कुमार धुर्वे ने प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल किया है। शासकीय स्कूल संड़ी के 6 विद्यार्थी प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित परीक्षा में परीक्षा हुए थे जिसमें से तीनों छात्रों का चयन हुआ है। दो छात्रों का नाम भी वेटिंग लिस्ट में होने की जानकारी है। विद्यालय के शिक्षक उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल तथा प्यारे लाल साहू छात्रों को परीक्षा के लिए तैयारी कराते रहे हैं। तीनों छात्र गरीब परिवार के हैं। उनके माता पिता रोजी मजदूरी कर अपने बच्चों को पढ़ा रहे हैं। बीईओ रमेन्द्र कुमार डड़सेना, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमारसिंह भेडिया, सरपंच कैलाश वर्मा, बिशेसर वर्मा, शिक्षक उज्जवल नामदेव, दोदेश्वर चंदेल, प्यारे लाल साहू, प्रेम कुमार देवांगन आदि ने बधाई दिया है।

### इंदू की किशोर न्याय बोर्ड में नियुक्ति



**डोंगरगांव।** महिला एवं बाल विकास विभाग ने इंदू साहू पति पंचूराम साहू को किशोर न्याय तथा बाल कल्याण समिति में सदस्य के रूप में जिला मानपुर मोहला अम्बागढ़ चौकी में नियुक्ति किया है। पूर्व में भी श्रीमती साहू बाल कल्याण समिति राजनांदगांव में अपनी सेवा दे चुकी हैं।

## सांसद पांडे करेंगे वितरण का शुभारंभ

# हरा सोना बटोरने वाली 38500 महिलाओं को मिलेगी चरण पादुका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबागढ़ चौकी**

हरा सोना जमा करने वाले जिले के 38500 तेन्दूपत्ता संग्राहको को चरण पादुका मिलना कल शनिवार से प्रारंभ हो जाएगा। पादुका वितरण का शुभारंभ सांसद संतोष पांडे द्वारा अंबागढ चौकी वन परिक्षेत्र से किया जाएगा। चरण पादुका सभी संग्राहक के मुखिया महिला सदस्य को प्राप्त होगा। सभी महिलाओं को उनके पैरो के नांप अनुसार पादुका वितरण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जंगल से हरा सोना जमा करने वाली महिला संग्राहको को चरण पादुका वितरण किया जाना है। चरण पादुका का वितरण वनोपज सहकारी समिति यूनियन के माध्यम से होगा। यूनियन ने संग्राहको के लिए स्वंय चरण पादुका तैयार करवाया है। महिलाओ को उनके पैरो के नांप के अनुरूप ही पादुका देने के लिए पैरों का साइज ले लिया गया है। डीएफओ दिनेशकुमार पटेल ने बताया कि सामान्य वन मंडल में प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के माध्यम से चरण पादुका वितरण किया जाएगा। कल शनिवार को सांसद संतोश पांडे पादुका वितरण करेंगे।



### महिलाओं को मिलेगी जूतिया

इस बार महिला संग्राहको को पादुका के नाम पर चप्पल नही जूतिया दी जाएगी, जिससे महिलाओं का पैर पूरी तरह सुरक्षित रहे। अच्छी बात यह है कि वनोपज सहकारी समिति ने जूतिया की क्वालिटी में समझौता नही करते हुए इसे स्वंय अपनी देख रेख में तैयार कराया है।

### मोहला की माताओं को अधिक लाभ

मोहला मानपुर अंबागढ चौकी जिला अंतर्गत सामान्य वन मंडल में चार वन परिक्षेत्र अंबागढ चौकी, मोहला एवं उत्तर मानपुर व दक्षिण मानपुर आते है। डीएफओ श्री पटेल ने बताया कि जिले में कुल 38122 चरण पादुका का वितरण होगा। सबसे अधिक मोहला वन परिक्षेत्र की 11497 महिला को पादुका मिलेगी। दूसरे क्रम में उत्तर मानपुर परिक्षेत्र के 9935, अंबागढ चौकी वन परिक्षेत्र के 8147 एवं दक्षिण मानपुर परिक्षेत्र की 5543 महिलाओं को पादुका वितरित किया जाएगा।

## अनियंत्रित होकर बाइक गिरी, दो युवक घायल



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया**

- 112 की पहल से मिला घायलों को त्वरित इलाज

निवासपुर के दो युवक आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में तब घायल हो गए, जब उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। टीम 112 की त्वरित हल से घायलों को समय पर उपचार मिल सका और एक बड़ी अनहोनी टल गई। घटना सुबह करीब 11 बजे की है। निवासपुर के उमेंद्र टंडन और कूपेंद्र टंडन अपनी एचएफ डीलक्स मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 08 एसी 1374 से गांव लौट रहे थे। गंडई की महावीर राइस मिल के समीप लिमो रोड पर अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क की पटरी में गिर गई। इस घटना में दोनों युवक घायल हो गए। हादसे की सूचना मिलते ही 112 टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई पहुंचाया। डाक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया।

### दो जगह होगा योग शिविर



**गंडई पंडरिया।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गंडई नगर में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाने दो योग शिविरों का आयोजन किया गया है। नगर पंचायत गंडई ने इंडोर स्टेडियम में सुबह 6 से 8 बजे तक योग शिविर का आयोजन किया है। इस शिविर में नगरवासी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इसी प्रकार कन्या स्कूल में सुबह 5 से 8 बजे तक योग शिविर का आयोजन रखा गया है। शिविर का संचालन पतंजलि योग समिति के संदीप आर्य और टीम द्वारा किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि संदीप आर्य स्वयं योग के माध्यम से गंभीर बीमारियों से उबर कर अन्य के लिए प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। उनकी टीम विभिन्न योगासनों और प्राणायाम का अभ्यास कराएगी।

### स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण



**डोंगरगढ़।** सांसद राहुल गांधी के जन्मदिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कांग्रेसजनों ने फल वितरण किया। कांग्रेसजनों ने मरीजों से भेंट कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान, नरेंद्र वर्मा, के विनायक राव, जयकिशोर अम्बादे, किरण मेश्राम, प्रकाश महानदी, दिनेश साखरे, निधि गजभिये, संदीप सहारे, कुनाल जांबुलकर, संजीव गुप्ता, देवेंद्र वाल्दे, गजेन्द्र साहू, प्रशांत कांडे, सारिका बडोले, गणपत रजक सहित अन्य उपस्थित थे।

### कथा स्थल भेजा पानी टैंकर

**अंडा।** ग्राम पंचायत अंडा के ग्रामीण जलापूर्ति के लिए काफी समय से टैंकर की मांग कर रहे थे जो अब पूरी हुई है। सरपंच दिग्विजय सिंह ने बताया कि लोगों की शिकायत थी कि जरूरत के हिसाब से घरों तक पानी नहीं पहुंचता है। देखने में यह भी आया कि जरूरत से ज्यादा पानी व्यर्थ हो जाता था। समस्या को देखते हुए पानी टैंकर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। ग्रामीणों की जरूरत को देखते हुए 15 वें वित्त मद से पानी टैंकर खरीदा गया है। उन्होंने बताया कि यह टैंकर शासन के निर्धारित दर से कम में खरीदकर पंचायत का पैसा बचाया गया है। निकुम में आयोजित शिव महापुराण कार्यक्रम में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए इस टैंकर को भेजा गया है। इस दौरान उप सरपंच यशवंत बंजारे, पंच सतीबाई गोस्वामी, जेडी चेलक, सुरजाबाई, अन्नपूर्णा ठाकुर, उत्तराबाई ,यादवेंद्र चंद्राकर, गजेंद्र चंद्राकर, राकेश्वरी, माधुरी साहू , रामकुमार, लता चंद्राकर, फत्ते, अंजली, जोशी, हेमंत मेहर, सीताबाई ,गोपाल साहू , हेमेंद्र चौहान, विमला बाई ,ममता चंद्राकर, सचिव रुपेशसिंह राजपूत एवं लोकेश देवांगन उपस्थित थे।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202505093400042**
विषयः- अ-6 अ सनः- 2024-2025
**मामले की श्रेणीः- राजस्व**
डोंगरगढ़ (प ह न. 00025),
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार सरला राजपूत, अनावेदक पक्षकार -यशोदा साहू,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका सरला राजपूत पति घासीसिंह राजपूत जाति राजपूत उम्र 65 वर्ष निवासी वार्ड नम्बर 21 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि आवेदिका सरला राजपूत के नाम पर साईं नगर डोंगरगढ़ प.ह.न. 25 रा.नि.म. व तहसील डोंगरगढ़ में भूमि स्थित है जिसका खसरा नम्बर 255/47 रकबा 0.016हे. है। उक्त खसरा नम्बर 255/47 को आवेदिका ने पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया है किन्तु वर्तमान सत्र में ऑन लाईन नक्शा, खसरा, बी-1 में उक्त भूमि अनावेदिका यशोदा साहू पति प्रकाशचंद साहू के नाम पर दर्ज है। आवेदिका उक्त सांई नगर स्थित भूमि की स्वामिनी है तथा वर्तमान सत्र 2024-25 के ऑन लाईन रिकार्ड में आवेदिका सरला सिंह राजपूत का नाम दर्ज होना चाहिए। अतः आवेदिका द्वारा उक्त सांई नगर स्थित भूमि खसरा नम्बर 255/47 रकबा 0.016हे. आवेदिका सरला राजपूत पति घासीसिंह राजपूत जाति राजपूत निवासी वार्ड नम्बर 21 डोंगरगढ़ के नाम पर राजस्व अभिलेख में ऑनलाईन दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 17.06.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/05/2025 को जारी किया जाता है।

**कमल किशोर साहू**
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण

100% CAMPUS PLACEMENT
TEAM CREATIVE

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500

**कार्यालय, प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, खैरागढ़**
**जिला- खैरागढ़ - छुईखदान - गंडई (छ.ग.)**
फोन नं. 07820-296-009 ई मेल & dietkhairagarh@gmail.com

ज्ञा.क्र./डाइट/ भोजन-आवास/ 2025-26/263 खैरागढ़, दिनांक 17.06.2025

**-:: निविदा आमंत्रण ::-**

सत्र 2025-26 में संस्थान में आयोजित होने वाले शिक्षक प्रशिक्षण हेतु भोजन एवं आवास व्यवस्था हेतु इच्छुक फर्मों से सील बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।


1. **भोजन व्यवस्था**- सुबह नाश्ता चाय, दोपहर खाना, सायं बिस्कुट चाय, रात्रि भोजन (निर्धारित मेनू अनुसार )
   अनुमानित वार्षिक व्यय - रू. 800000 = 00 आठ लाख मात्र ।
   अमानत राशि रू. 24000=00 चौबीस हजार मात्र ।
2. **आवास व्यवस्था** – बिस्तर सेट - गद्दा, तकिया, चादर, कम्बल, दरी आदि ।
   अनुमानित वार्षिक व्यय - रू. 200000 = 00 दो लाख मात्र ।
   अमानत राशि रू. 6000 = 00 छह हजार मात्र ।
   निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08.07.2025 सायं 03 बजे तक।
   उसी दिन सायं 04.00 बजे निविदा खोली जायेगी ।

टीपः-
1. विस्तृत नियम एवं शर्तें एवं भोजन मेनू विवरण कार्यालयीन नोटिस बोर्ड पर चस्पा है।
2. निविदा फार्म रू.100=00 एक सौ मात्र नगद जमा कर कार्यालयीन अवधि में प्राप्त कर सकते है ।
3. निविदा किसी भी समय निरस्त / संशोधित करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित है ।

**प्राचार्य**
**जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान खैरागढ़**
**जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.)**



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



योग अपने असंख्य लाभों की वजह से आज दुनियाभर में लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में योग का बहुत अधिक महत्व है। प्राचीन काल से ही योग हमारी जीवनशैली के अंग के रूप में समाहित है। आज योग अपने अनेकोंनेक लाभ की वजह से सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है।

योग अपने असंख्य लाभों की वजह से आज दुनियाभर में लोगों की जीवनशैली का हिस्सा बन चुका है। योग स्वस्थ जीवन जीने की एक कला है, जो मन और शरीर के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। भारतीय ज्ञान परंपरा में योग का बहुत अधिक महत्व है। प्राचीन काल से ही योग हमारी जीवनशैली के अंग के रूप में समाहित है। आज योग अपने अनेकोंनेक लाभ की वजह से सभी को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। योग हमें बैठने का तरीका, प्राणायाम और ध्यान संयुक्त रूप से सिखाता है। नियमित रूप से अभ्यास करने वालों को इसके असंख्य लाभ मिलते हैं। स्वास्थ में लाभ, मानसिक शक्ति, शारीरिक शक्ति और शरीर का शुद्ध होना जैसे कई लाभ हमें योग से मिलते हैं। योग प्राचीनकाल से ही भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है, जो हमें हमारी भारतीय परम्परा से विरासत में मिला है। योग न केवल एक अमूल्य धरोहर है, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए एक अनमोल उपहार भी है जो मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाता है। यह केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवनशैली को आनंदमय बनाने की कला है। प्राचीन काल से ही हमारे ऋषि मुनि योगिक जीवन का अनुसरण करते आ रहे हैं। योग ने पिछले कुछ दशकों में हमारे दैनिक जीवन में अपना विशेष स्थान बना लिया है।

## ये है योगासन का सही क्रम

आज के समय में बहुत सारे लोग योग कर रहे हैं, लेकिन योग के अभ्यास से उन्हें इंजरी हो रही है। क्योंकि बहुत सारे लोगों को योग का सही क्रम यानी कि आसनों का सही क्रम नहीं पता है और वह शुरुआत में बिना कर्म को जाने हुए योग के अभ्यास को करते हैं जिससे कि कई लोगों की नसों में या फिर मांसपेशियों में खिंचाव आ जाता है। यदि हम नियमित रूप से आसनों को सही क्रम में करें तो इंजरी होने की संभावनाएं नहीं रहती है और साथ ही शरीर की लचक (फ्लैक्सिबिलिटी) जल्दी से बढ़ती है, लेकिन लोग शरीर की लचक को जल्दी बढ़ाने के चक्कर में शुरुआत से ही एडवांस करने का प्रयास करने लगते हैं इसलिए योगासनों के सही क्रम को जानना बहुत आवश्यक है योगासनों में कई तरह से किए जाने वाले आसन हैं जैसे कि -


**▪ पवनमुक्तासन समूह सूक्ष्म आसन ▪ सूर्य नमस्कार ▪ खड़े होकर किए जाने वाले आसन ▪ बैठकर किए जाने वाले आसन ▪ घुटनों के बल किए जाने वाले आसन ▪ पेट के बल लेट कर किए जाने वाले आसन ▪ पीठ के बल लेट कर किए जाने वाले आसन ▪ सिर के बल किए जाने वाले आसन ▪ गत्यात्मक आसन ▪ कठिन आसन ▪ प्राणायाम**
























## सार समाचार

### जान से मारने के प्रयास में सामान्य कार्रवाई का आरोप



**राजनांदगांव।** रेवाडीह इस्कॉन सिटी निवासी जगतार सिंह ने एक प्रेस कान्फ्रेंस करते स्वयं पर जानलेवा हमले में आरोपियों पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है। पीड़ित ने कहा है कि उसके सिर पर हथौड़े से वार कर उसे जान से करने का प्रयास किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस करते पीड़ित ने बताया कि बीते 7 मई की रात लगभग 8 बजे वह अपने घर के समीप टहल रहा था, तभी इस्कॉन सिटी प्रधानमंत्री आवास योजना के तीसरे मंजिल में रहने वाले बुलबुल श्रीवास, भावना श्रीवास और शिवम श्रीवास रास्ते में पत्थर रखकर बैठे थे। इस दौरान मेरे द्वारा पत्थर हटाने बोला गया तो तीनों ने गाली-गलौज करते हाथ मुक्का, लोहे के हथौड़ा, लकड़ी का पटिया और ईंट से पिटाई की। बीच-बचाव करने मेरी मां बलविंदर कोर आई तो उसके साथ भी मारपीट किया गया। पीड़ित ने कहा कि इस दौरान समीप के ही पारस यादव ने शिवम से हथौड़ा छीनकर मेरा बचाव किया, यदि वह नहीं होता तो मेरी हत्या हो जाती। पीड़ित ने बताया कि इस हमले में उसके सिर पर 40 टांके लगे हैं। इसके साथ ही एक दांत टूट गया है और चार दांत निष्क्रिय हो गए हैं। इस मामले में पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई नहीं करते देख उसने आईजी को ज्ञापन सौंपकर न्याय की मांग की है। पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद उसे शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन दिन ईलाज चला, इसके बाद रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल रिफर किया गया। जानलेवा चोंट होने के बाद भी लालबाग थाना में सामान्य मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित ने इस मामले में जान से मारने के प्रयास का मामला दर्ज करते न्याय दिलाने की मांग की है।

### सांसद की मौजूदगी में होगा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**खैरागढ़।** योगा संगम और हरित योग की थीम पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय सामूहिक योग कार्यक्रम सांसद संतोष पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में कन्या शाला परिसर में होगा। इंटरनेशनल डे ऑफ योग को लेकर जिले के हर गांव तक योग संदेश को प्रोत्साहित करने जिला स्तरीय कार्यक्रम आयुष मंत्रालय द्वारा जारी प्रोटोकॉल अनुसार सुबह 7 बजे से आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आयोजन के सुचारू संचालन को लेकर संबंधित विभागों को दायित्व सौंपकर सुव्यवस्थित आयोजन का निर्देश दिया है। जिसमें पुलिस को आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था, राजस्व को कानून व्यवस्था, संपूर्ण तैयारी व जनप्रतिनिधियो की उपस्थिति सुनिश्चित करने, लोक निर्माण विभाग को मंच निर्माण, ग्रीन मेट, कारपेट, सफेद चादर, साऊंड सिस्टम व गद्दो की व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को अतिथियों के लिए स्वल्पाहार व पेयजल व्यवस्था, आवश्यक इलेक्ट्रानिक व्यवस्था, स्वास्थ्य विभाग को मेडिकल टीम, एम्बुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था, शिक्षा विभाग को विद्यालयों/ महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने, नगर पालिका परिषद व जनपद पंचायत को कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई व पीने के पानी एवं टैंकर व्यवस्था, खेल एवं युवा कल्याण विभाग को खेल संगठन, एनएसएस एनसीसी की छात्र-छात्राओं उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा है। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग को विद्यालयों/ महाविद्यालय में अध्ययन छात्र-छात्राओं को शिविर में उपस्थित करने, जनसम्पर्क विभाग को कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार, फोटो-वीडियोग्राफी, आयुष विभाग को जलपान, काढ़ा, औषधि का स्टाल, उद्यानिकी विभाग को फूलमाला, गुलदस्ता, समाज कल्याण विभाग को योग प्रशिक्षकों की व्यवस्था करना और कार्यक्रम स्थल मे बैनर तैयार करने का दायित्व सौंपा गया है।

## प्रधानमंत्री के प्रयास से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा योग : विक्रांत

# भाजपा के सोलह मंडल क्षेत्र में कार्यकर्ता आज करेंगे योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग से निरोग रहने का संदेश देते भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। योग दिवस को लेकर जानकारी देते भाजपा पदाधिकारी विक्रांत सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग दिवस का प्रस्ताव दिया गया। जिसका 177 देशों ने समर्थन किया था। वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन 21 जून को किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वन अर्थ वन हेल्थ की थीम पर योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन विरासत है। योग से शांति, सुख और कुशलता मिलती है। उन्होंने कहा कि योग आज की जीवनशैली का हिस्सा बन गई है। योग से शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभ मिलता है। विक्रांत सिंह ने बताया कि जब पहली बार योग दिवस का आयोजन हुआ तो 85 लाख लोग शामिल हुए थे और आज करोड़ों लोग इस योग में शामिल होकर योग से निरोग रहने का संदेश देते हैं।




### दिग्विजय स्टेडिम में होगा आयोजन

जिला स्तर पर राजनांदगांव शहर के दिग्विजय स्टेडियम में आयोजित होने वाले योग दिवस के कार्यक्रम को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने बताया कि सुबह 6.30 बजे यह कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें दुर्ग शहर विधायक गजेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वहीं उन्होंने कहा कि इस अवसर पर लगभग 6-7 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि योग करने से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मन, बल, बुद्धि भी बेहतर होती है।

### संगठन स्तर पर भी आयोजन

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि योग दिवस पर संगठन स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जनपद क्षेत्रों के अलावा जिले के 16 मंडल क्षेत्र में योग का कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को योग करने निर्देशित किया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में केसीजी जिले के जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, राजनांदगांव जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और मीडिया प्रभारी अमर लालवानी उपस्थित थे।

## ग्रामीण इलाके में नशा के खिलाफ चलाया अभियान



**राजनांदगांव।** नशामुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम मनाए जाने के तहत ग्राम पंचायत हैदलकोडो में पुलिस ने ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में नशा की रोकथाम एवं इससे होने वाले समस्याओं के प्रति चर्चा की एवं नशा से दूर रहने जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन व निर्देशन एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी दिलीप सिंह सिसोदिया के पर्यवेक्षण में 12 से 26 जून तक नशामुक्त भारत पखवाड़ा कार्यक्रम मनाए जाने के तारतम्य में 20 जून को थाना गैंदाटोला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत हैदलकोड़ो में जनप्रतिनिधि ग्राम सरपंच, पंच, ग्राम पटेल एवं उपस्थित ग्रामीणों के मध्य विभिन्न प्रकार के नशा से होने वाली समस्याएं एवं रोकथाम के लिए किए जाने वाले उपाय पर विस्तृत चर्चा की गई।

### यातायात नियमों की दी जानकारी

साथ-साथ अभिव्यक्ति मोबाइल एप्लीकेशन, साइबर सुरक्षा, यातायात के नियमों का पालन, गुड टच-बेड टच के संबंध में आवश्यक जानकारी देकर जनजागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें क्षेत्र के ग्रामवासी उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक अरुण कुमार नामदेव, सहायक उपनिरीक्षक मेघनाथ सिन्हा, आरक्षक मोहित साहू, आरक्षक दुर्गेश साहू एवं वाहन चालक टुमनलाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वृक्षों की रक्षा करने लें संकल्प

■ महापौर ने विद्यार्थियों को साइकिल, कापी व पुस्तक का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव शुक्रवार को शहर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। महापौर ने जहां शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय एवं कृषि उपज मंडी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होकर वृक्षों की रक्षा करने अपील की। उन्होंने लखोली स्कूल में आयोजित शाला प्रवेशोत्सव में विद्यार्थियों को साइकिल व कापी व पुस्तक का वितरण कर पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित किया।

महापौर मधुसूदन यादव कृषि उपज मंडी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि उपज मंडी के पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत व शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रवि सिन्हा तथा पार्षदों के साथ पौधरोपण कर उसकी रक्षा करने उपस्थितजनों से अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण करने के साथ-साथ उसकी रक्षा करना अत्यंत आवश्यक है। आज के 21वीं सदी के युग में उद्योग धंधे तथा कालोनियों के लिए जिस अनुपात में वृक्षों की कटाई हो रही है, उस अनुपात में वृक्ष नहीं लग पा रहे हैं, इसी का परिणाम है कि पर्यावरण का संतुलन बिगड़ गया है, जो हमारे भविष्य के लिए घातक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हम सबको एक होकर वृक्षारोपण महाभियान चलाना है और जब तक पौधे वृक्ष का रूप न लें, तब तक उसकी रक्षा करनी है।

### पढाई का बहुत महत्व

महापौर यादव ने लखोली स्कूल में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ उपस्थित होकर विद्यार्थियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आज के युग में पढाई का बहुत महत्व है। आज गांव-गांव के बच्चे अच्छी पढ़ाई कर उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं। सरकार भी उन्हें प्रोत्साहित करने शासकीय स्कूलों में निजी स्कूलों की तरह सुविधाएं दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएमश्री योजना लाए हैं। जिसमें बच्चों को आज के परिवेश के आधार पर पढ़ाई कराई जाएगी, जहां गरीब बच्चे भी निजी स्कूलों की पढ़ाई के स्तर जैसे अध्ययन करेंगे। महापौर यादव ने विद्यार्थियों को साइकिल एवं कापी-पुस्तक का वितरण किया।

### प्रयास विद्यालय के लिए कविता चयनित



**टेमरी।** पूर्व माध्यमिक शाला टेमरी की कक्षा आठवीं की छात्रा कविता सायतोड़े का चयन प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। कविता ने यह सफलता शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन में हासिल किया। पूर्व में यह छात्रा जिला स्तरीय क्विज स्पर्धा में प्रथम आ चुकी है। शाला विकास समिति, प्रधानपाठक कनककुमार ज्योति, विकास हरिहारनो, महावीर देशमुख, मनोज साहू ने छात्रा को बधाई दी है।

# ओवरब्रिज की मरम्मत जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मुढ़ीपार में 18 करोड़ की लागत से ओवरब्रिज का निर्माण किया गया है। निर्माण के बाद से इस ओवरब्रिज में मरम्मत किया जा रहा है। निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत के बाद गत दिनों विधायक हर्षिता बघेल ने ओवरब्रिज का मुआयना किया।

उन्होंने बताया कि निर्माण के कुछ महीने बाद ही गड़बड़ी की पोल खुलने लगी है। इस ओवरब्रिज में महज डेढ़ महीने के भीतर ही कांक्रीट कार्यों में दरारें आ गई है। ब्रिज के पिलर धंस रहे हैं। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

विधायक ने बताया कि 18 करोड़ की लागत से बने रेलवे ओवरब्रिज में 6 जगह सड़क धंस चुकी है। इस ब्रिज पर लगातार मरम्मत किया जा रहा है। ब्रिज की वर्तमान हालत को देखते हुए आशंका है कि यहां कभी भी हादसा हो सकता है। पुल निर्माण में बरती गई लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि एक स्थान पर मरम्मत किया जाता है तो दूसरे स्थान पर सड़क धंसने लगती है। साइट इंचार्ज अनिल कुमार मौर्या ने बताया कि ओवर ब्रिज के कुछ हिस्से में मिट्टी धंस रही है। फिलहाल यह मेंटेनेंस पीरियड में है जिसकी मरम्मत करा रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने किया फल वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्म दिन के मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, राजा गिरिराज किशोर दास, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकुमार पटेल के नेतृतव में कांग्रेसजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर भर्ती मरीजों और उपस्थित लोगों को फल वितरण किया। इस मौके पर सज्जाक खान, संजय महोबिया, शैलेन्द्र तिवारी, नीरज महोबिया, छोटू सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# शिक्षकों की पदस्थापना में गड़बड़ी

## युक्तियुक्तकरण में वरिष्ठों को किया दरकिनार

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ब्लाक में युक्ति युक्तकरण में अनियमितता बरतने की शिकायत मिली है। युक्ति युक्तकरण के लिए बनाई गई समिति की प्रभारी बीईओ थी। प्रक्रिया की आड़ में अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया है। कुछ लोगों से लाभ लेकर पदस्थापना की गई है। युक्ति युक्तकरण की सूची वरिष्ठता को दर किनार कर बनाई गई थी। सूची में वरिष्ठ शिक्षक का नाम कनिष्ठ के नीचे अंकित किया गया है। स्कूलों की दर्ज संख्या के अनुपात में स्थान रिक्त होने के बाद भी ब्लॉक के कुछ शिक्षकों को अन्य ब्लॉक में मर्ज किया गया है, वहीं राजनांदगांव ब्लॉक के शिक्षकों को डोंगरगढ़ ब्लॉक में पदस्थ किया गया है। जांच का विषय है कि जब डोंगरगढ़ ब्लॉक में पद रिक्त हैं तो यहां के शिक्षकों को अन्य ब्लॉक क्यों भेजा गया? जबकि अतिशेष शिक्षक राजनांदगांव ब्लॉक में थे और शिक्षकों की आवश्यकता छुरिया ब्लॉक में थी तो उन्हें सीधे छुरिया भेजा जा सकता था ना कि डोंगरगढ़ और छुरिया में।



### पद रिक्त फिर भी तबादला

जानकारी के अनुसार देवकट्टा, कातलवाही, धनडोंगरी, बेलगांव, ठाकुरटोला, बांकलेड़ी इत्यादि विद्यालय में दर्ज संख्या के अनुपात में शिक्षकों के पद रिक्त है इसके बाद भी ब्लॉक के शिक्षकों को छुरिया भेज दिया गया है।

### दिव्यांग भी अतिशेष में

शासन ने दिव्यांग शिक्षकों को प्राथमिकता देने की बात कहा था। पीएमश्री आत्मानंद विद्यालय डोंगरगढ़ में पदस्थ शिक्षक मनोहर लाल साहू को अतिशेष में लिया गया जो दिव्यांग है। उनके अतिरिक्त विद्यालय में उसी विषय के दो अतिरिक्त व्याख्याता होने के बाद भी उन्हें यह कहा गया कि जब नियुक्ति हुई थी तब दिव्यांग नहीं थे। नियुक्ति के बाद दिव्यांग होने पर उन्हे अतिशेष बताकर अन्य शाला में पदस्थ कर दिया गया जबकि वह 2026 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। इसी प्रकार प्राथमिक शाला भैंसरा में प्रधान अध्यापक और दो सहायक शिक्षक थे। प्रधान अध्यापक आगामी 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले हैं इसके बाद भी एक शिक्षक को अतिशेष बताकर हटा दिया गया है। यह शाला 1 जूलाई से एकल शिक्षकीय हो जाएगी।

# जनप्रतिनिधियों ने रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर चलाए जा रहे एक पेड माँ के नाम अभियान के तहत आज सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव में पौधरोपण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, धनराज ठाकुर, सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी रामकुमार गुप्ता, प्रबंधक प्रतीक ठाकुर, तुलसी यादव, सुरेन्द्र यादव, आत्माराम, विजय साहू, हरीश साहू, नवीन साहू, तेशु साहू,नंदकुमार, बुधराम साहू, साधुराम, अजीत कुमार,

ब्रम्हदेव शर्मा आदि ने सोसायटी परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधे रोपे और जनसामान्य से पौधे लगाने का आव्हान किया। इसी क्रम में नगर पंचायत प्रशासन ने मटिया के मुक्तिधाम में बड़ी संख्या में जामुन के पौधे लगाए। इस दौरान एसडीएम श्री कांत कोराम, सीएमओ विनम्र जेमा, अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी, पार्षद मनबोधी पटेल, पुरूषोत्तम साहू, पद्मिनी ठाकुर, गायत्री यादव, राजा जैन, लक्ष्मीनारायण सेन, कृष्णकुमार शर्मा, पुसऊराम, टोमन साहू, टामन साहू, मोहन यादव, रामेश्वर सादव, पुसऊ पटेल, कृष्णा साहू, नूतन साहू, रमेश पटेल, रमेश साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

ग्राम पंचायत बगदई के सरपंच और पंचायत पदाधिकारियों ने तीनों आंगनबाड़ी केंद्र में पौधरोपण किया। इस अवसर पर सरपंच कुलदीप सिंह, उपसरपंच टीकम निषाद, रोजगार सहायक हेमन्त कोर्राम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजुषा, सहायिका माहेश्वरी, सरोजिनी निषाद, वेदिका पटेल, ईशांत निषाद, सपना, चंचल पटेल आदि मौजूद थे ।

**चिचोला।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत लालुटोला सोसायटी में पौधरोपण किया गया। इस दौरान सरपंच चतुरपाल, उप सरपंच खूबचंद सिन्हा, समिति प्रबंधक टिकेंद्र साहू आदि मौजूद थे। सरपंच ने जीवन के लिए पेड़ों को उपयोगी बताते हुए सभी से पौधे लगाने का आव्हान किया।

**सड़क अतरिया।** सेवा सहकारी समिति कुकुरमुडा अतरिया में शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत फल एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने चिन्हांकित स्थानों पर पौधा रोपण कर सुरक्षा का वचन लिया गया। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों को पर्यावरण सुरक्षा एवं वृक्षारोपण का महत्व बताकर पौधा लगाने प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विस्तार अधिकारी मोहित बजरंग, समिति प्रबंधक रोहित जंघेल, ओमप्रकाश जंघेल, जयकरण जंघेल, पीलाराम जंघेल, परसराम जंघेल, गोकुल जंघेल, अशोक कलार, नागेश कुमार, गौकरण गोड, बलदेव मरकाम, संतराम यदु, चन्द्रेश जंघेल, रामावतार साहू, बंटी आदि मौजूद थे।





## जनता से निकटता बढ़ाने की पहल

# एसपी ने सुनी जनता की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पुलिस अधीक्षक लक्ष्य विनोद शर्मा की पहल पर थाना दिवस के मौके पर गंडई थाना परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी श्री शर्मा ने जनता से मुलाकात कर शिकायतें सुनीं और मौके पर ही त्वरित कार्रवाई के निर्देश थाना प्रभारी राजेश देवदास को दिए।

यह आयोजन पुलिस और जनता के बीच संवाद स्थापित करने किया गया था ताकि लोगों की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जा सके। एसपी शर्मा ने बताया कि थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का निवारण और अपराधों के खिलाफ कार्रवाई उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने यह भी घोषणा किया कि वह माह के पहले और तीसरे गुरुवार को गंडई थाना में उपस्थित रहेंगे ताकि लोग सीधे उनसे मिलकर अपनी समस्याएँ बता सकें। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर




शाह खुसरो ने नगर पंचायत कार्यालय से कंप्यूटर और केबल चोरी होने का मामला उठाया। उन्होंने यह भी बताया कि नगर में चोरी की घटनाएँ बढ़ गई हैं और चिन्हित वार्डों में अवैध शराब, गांजा और कबाड़ी का कारोबार चल रहा है। उन्होंने बताया कि छोटे बच्चे नशीले पदार्थों का सेवन कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। पार्षद सांवत देवांगन ने बताया कि तिरंगा चौक पर पुलिस जवान की तैनाती के बाद खुलेआम शराब परोया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि गांजा बेचने वालों की शिकायत पर पुलिस छापेमारी करने जाती है, लेकिन कार्रवाई नहीं होती। ग्राम देवपुरा के सरपंच प्रतिनिधि नारद साहू ने पेट्रोलिंग की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक स्थलों पर लगे बोरिंग और शौचालयों को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़ा जा रहा है। व्यापारी सलीम मेमन ने बताया कि चोरी संबंधी शिकायत करने पर थाने से पावती नहीं मिली। उन्होंने कहा कि चोर का नाम और सीसीटीवी फुटेज देने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। एसपी शर्मा ने थानेदार को तत्काल पावती देने और आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए। ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष हेमलता ठाकुर ने कन्या हाईस्कूल के पास जवानों तैनाती की मांग की। उन्होंने बताया कि इस सड़क पर चखना दुकानें चल रही हैं, जिससे छात्राओं को आने-जाने के दौरान परेशान होना पड़ता है।

### एसपी ने दिया कार्रवाई का भरोसा

एसपी लक्ष्य श्री शर्मा ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि उन पर जल्द से जल्द कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनता को विश्वास दिलाया कि उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। कार्यक्रम में आम जनता, भाजपा, कांग्रेस के नेता, जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता,नगर के वरिष्ठ जन ,व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मनेरी में शाला प्रवेश उत्सव 23 को

**डोंगरगांव।** संकुल समग्र शिक्षा केन्द्र मनेरी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम 23 जून को आयोजित किया गया है। संकुल प्राचार्य एआर साहू एवं संकुल समन्वयक नीलमणी साहू ने बताया कि शाला प्रवेशोत्सव में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव, जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिपं सभापति जागृति यदु, जनपद अध्यक्ष रंजीता पटौड़ी, रामकुमार गुप्ता, मंडल भाजपा अध्यक्ष दीना पटेल, विवेक मंडावी, पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, सरपंच भीषणदास साहू, ओमकार साहू, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकुर, जयंत साहू, क्षितिज सोरी, डाकेश्वर निषाद शामिल होंगे।



**सौगात:** विकास कार्यों से ग्रामवासियों को मिलेगी सुविधा, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा

# विधायक ने भगतपुर व निंगापुर में अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यो को गति देने एवं जनता की मूलभूत व आवश्यक सुविधाओं के विस्तार के लिए विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा निरन्तर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो का लोकार्पण व भूमिपूजन किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण और तय समय में विकास कार्यो को पूरा करने के लिए वे स्वयं विधानसभा में होने वाले सभी कार्यो की समय-समय पर समीक्षा कर रहीं हैं। वहीं उनका निरीक्षण भी कर रही है। वहीं श्रीमती भावना बोहरा ने क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं के मद्देनजर ग्राम भगतपुर एवं निंगापुर में 34 लाख रुपए से अधिक के अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। भगतपुर में उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा के द्वारा विभिन्न कार्य का भूमि पूजन किया गया। जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र स्वीकृति राशि 11.69 लाख, सामुदायिक शौचालय स्वीकृति राशि 4.13 लाख, रामप्रसाद के घर से बाजार चौक तक नाली निर्माण राशि 5.00 लाख, बाजार चौक से अटल चौक तक नाली निर्माण राशि 2.30 लाख, ग्राम धनेली में परमेश्वर के घर से महामाया तक नाली निर्माण 5.00 लाख व भगतपुर में आंगनबाड़ी में लाइट एवं पानी फिल्टर मशीन 1.00 लाख रूपए से विकास कार्यो की भूमि पूजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश्वरी महेंद्र, जिला मंत्री ओमप्रकाश यदु, सुरेश दुबे, ग्राम पंचायत सरपंच कपिल चंद्राकर, अश्वनी यदु, मरहरण साहू, रामफल चंद्रवंशी, बलराम चंद्रवंशी, दिनेश चंद्रवंशी, देवेंद्र चंद्रवंशी, रामप्रसाद चंद्रवंशी, घनश्याम चंद्रवंशी, रमन खनूजा, श्रीमती भानुमति साहू सहित भाजपा कार्यकर्ता व समस्त ग्रामवासी पंच, पंचायत उपस्थित थें।

## छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं अनुरूप कार्य कर रही सरकार : बोहरा



पंडरिया विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार मोदी की गारंटी में किए अपने वादों को पूरा करते हुए डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं अनुरूप कार्य कर रही है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं और अधोसंरचना निर्माण कार्यो से ग्रामों का प्रतिबद्धता से समुचित विकास सुनिश्चित कर रही है और वहां निवासरत परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ रही है। आज हमारे प्रदेश में पूर्ण पारदर्शिता के साथ विकास और अधोसंरचना निर्माण के कार्य तेजी से पूरे किए जा रहें हैं और साधन एवं संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित होने से हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक प्रगति सुनिश्चित हुई है। हमें पूरा विश्वास है कि आज इन सभी विकास कार्यो से ग्रामवासियों को सुविधा मिलेगी और हमारा लक्ष्य एवं प्रयास भी यही है कि जनता की समस्याओं का समाधान कर विकास व उनका सशक्तिकरण करना।

## मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता

उन्होंने कहा कि हमारे देश की पहचान हमारे गांव से है, इसलिए हमारे ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सभी निर्माण कार्य हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं जनता की सुविधाओं का विस्तार करने में बहुमूल्य भूमिका निभाएंगे। जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर जन-कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है, महिलाओं का सशक्तिकरण, किसानों को सम्मान और युवाओं को रोजगार के साथ हमारे वृद्धजनों को आयुष्मान योजना के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल रहा है।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूर्व योगाभ्यास का आयोजन

- बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी रामचुवा में निःशुल्क योगा आयोजित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार की इस भांति इस वर्ष भी 21 जून को पूरी उत्साह के साथ भारत सहित विभिन्न देशों में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। वहीं बोड़ला ब्लॉक के वनांचल समीपस्थ बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा के योग साधक गण 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के भव्य तैयारी में लगे हुए हैं। बाल योग शाला ग्राम जैतपुरी-रामचुवा के योग प्रशिक्षक हरिराम साहू ने विश्व योग दिवस के पूर्व लोगो को इसके लिए प्रेरित किए जा रहे हैं, उन्होंने प्रातः काल शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला जैतपुरी के छात्र-छात्राओं को विश्व योग दिवस के सामान्य योग अभ्यास क्रम को सिखाया। विद्यार्थियों को बताया की योग शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य प्रदान करता हैं, इसलिए, दैनिक जीवन में योग को सम्मिलित करना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

योग शिक्षक ने बताया कि इस वर्ष 21 जून का योग थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योगइस थीम के साथ पूरे विश्व भर में योग दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्व योग दिवस 21 जून को ही इसलिए मनाया जाता हैं, क्योंकि यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन हैं और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता हैं। इस बीच योग प्रशिक्षक हरिराम साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जैतपुरी प्रधान पाठक तीर्थेश्वर तिवारी, शिक्षक प्रजाराम साहू, संजय पटेल, प्राथमिक शाला जैतपुरी प्रधान पाठक श्रीमती संध्या धुर्वे, श्रीमती मनीषा चंद्रवंशी सहित विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

## मोर-गांव मोर-पानी महाअभियान चलाया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में पानी की स्तर को बढ़ाने के आवश्यक दिशा में सोखता गड्ढा निर्माण महाभियान चलाया। इस दौरान प्रधान पाठक, एलवीना विलस, कपूर चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, सफाई कर्मी मनहरण साहू, भागीरथी, रसोईया मोहित साहू व छात्र-छात्राएं एवं ग्राम पटेल, कुमार साहू, पंचायत प्रतिनिधि, सरपंच कार्तिक साहू, उपसरपंच नंदराम साहू, सचिव प्रेमप्रकाश पाण्डेय, कोटवार सुरित दास, पालक गण, व इंजीनियर ने मोर गांव मोर पानी महाअभियान में शपथ ली।

## खबर संक्षेप

### सीएसी संघ इकाई पंडरिया के नवीन कार्यकारिणी का गठन



**हरिभूमि कोलेगांव।** गुरूवार को सीएसी संघ इकाई पंडरिया के नवीन कार्यकारिणी का गठन बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक की शुरुआत विधिवत छत्तीसगढ़ महतारी, भारत माता एवं मां सरस्वती पूर्वक के पूजा कर प्रारंभ किया। बैठक में ईश्वर तिवारी सचिव सीएसी संघ सत्र 2024-25 के आय-व्यय की जानकारी साझा किया गया। उक्त सीएसी संघ पंडरिया के नवीन कार्यकारिणी पदाधिकारी की चयन किया गया। जिसमें जिला संरक्षक दीपक ठाकुर की उपस्थिति एवं समस्त सीएसी की उपस्थिति एवं सर्वसहमति से गठन किया जिस पर गठित नवीन कार्यकारिणी सीएसी संघ संरक्षक रामानुज ठाकुर, बैजनाथ चंद्राकर, अध्यक्ष एसपी डड़सेना, उपाध्यक्ष विष्णु प्रसाद चंद्राकर, काशीराम गोयल, लवकुमार परस्ते, सचिव ईश्वर तिवारी, सह सचिव जितेंद्र चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष राजेंद्र खांडे, सह कोषाध्यक्ष रामफल चंद्राकर, प्रवक्ता उत्तम लॉयल, सुरेंद्र नेताम, मीडिया प्रभारी हमीदुल्ला खान, भागीरथी चंद्राकर, संगठन सचिव कन्हैया चंद्राकर व कार्यकारिणी सदस्य रघुनंदन गुप्ता, भागवत साहू, मुकेश ठाकुर, डालचंद चंद्रवंशी, जनक सिंह तिलगाम उपरोक्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का पुनः स्वागत कर नए कार्यो एवं सर्व हित उद्देश्यों के लिए शुभकामनाएं दी गई।

# भुवालपुर में शक्ति केन्द्र स्तरीय विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

भारत संकल्प सिद्धि कार्यक्रम देश के प्रत्येक नागरिक को सशक्त बनाने एवं 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने लक्ष्य के करीब लाने का साहसिक संकल्प लेना है, इसी क्रम में भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंद्र बघर्रा के आश्रित ग्राम भुवालपुर में विकसित भारत संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के निर्देशानुसार मण्डल अध्यक्ष बालमुकुंद चंद्रवंशी एवं मण्डल संयोजक विकास पाण्डेय, मण्डल सह संयोजक कृष्णा चंद्राकर एवं संतोष चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में भाजपा मण्डल कुण्डा के शक्ति केंन्द्र बघर्रा के ग्राम भुवालपुर में कार्यक्रम के प्रभारी मण्डल कोषाध्यक्ष गणेश यादव, सह प्रभारी सोसायटी अध्यक्ष नकुल सागर एवं मण्डल महामंत्री सुमन गुप्ता के उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प सभा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। बुधवार को भुवालपुर में विकसित भारत का अमृत काल सेवा, सुशासन गरीब कल्याण के मोदी सरकार 11 साल गौरवपूर्ण सफल कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत संकल्प जनसभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पूर्व महामंत्री सुमन गुप्ता, प्रभारी गणेश यादव, सह प्रभारी नकुल सागर एवं कार्यकर्ताओं द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं प्रभारी गणेश यादव द्वारा जागरूक भारत नागरिक विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूर्ण करने की शपथ दी गई।

# प्राथमिक शाला बीजाझोरी में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र में आरती पश्चात नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भूतपूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष व भूतपूर्व ग्रामीण बलॉक कांग्रेस कमेटी कवर्धा सह सचिव घनाराम यादव के हाथो बच्चों को गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सीमा झा, यशोधरा मेरावी, बेनिराम, मालती यादव, सरिता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमारी ध्रुर्वे, लेखराम, जगमोहन, संतोष यादव समिति सदस्य के साथ पालक व विद्यार्थी गण उपस्थित थें। वहीं कक्षा 5वीं बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाने वाले तीन छात्र-छात्राएं जिसमें छात्रा मोनिका साहू 95.50 प्रतिशत, खुशी यादव 95 प्रतिशत व छात्र भावेश सिंह 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे संकूल में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला व अपने माता पिता तथा गांव एवं क्षेत्र का नाम रौशन करने पर बच्चों के अभिभावक, शिक्षक को बधाई प्रेषित की। साथ ही साथ बच्चों की उज्जवल भविष्य की कामना की। घनाराम यादव ने दीवार पत्रिका पहल की सराहना की प्राथमिक शिक्षा को प्राथमिकता देने, नव समिति गठन, स्वच्छता, मोर गांव मोर पानी महाअभियान सोखपिट व 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर परिचर्चा किया।

## विद्यार्थियों को तिलक व मुंह मीठा कराकर धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा में शुक्रवार को शाला परिषर में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। वहीं नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तक वितरण किया गया। इस शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल साहू अध्यक्ष शाला विकास समिति ने सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को स्कूल आने के लिए प्रेरित किया। वहीं कमलेश द्विवेदी ने कहा कि स्कूली शिक्षा से ही बच्चों के मानसिक व बौद्धिक शिक्षा का विकास होता है। यह बच्चों के भविष्य के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है। बच्चों में असीमित प्रतिभा छिपी रहती हैं, केवल उसे उजागर करने की आवश्यकता होती हैं। इस अवसर पर स्कूल की प्राचार्या सुश्री सुमन धुर्व गोपाल साहू, कमलेश द्विवेदी, दीदी सुमन गुप्ता, संजय साहू, बल्लूराम जायसवाल, गोलू यादव, शिक्षक राजेश चंद्रवंशी, अशोक पाल सिंह राजपूत, श्रीमती करुणा जामवंत व पालकगण तथा छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# हाई स्कूल छिरहा का जल संरक्षण में सक्रिय सहभागिता




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में जल संरक्षण महाअभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया। प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पानी बचाओ, जीवन बचाओ के नारों के साथ गांव में जल संरक्षण रैली निकाली। रैली के पश्चात शिक्षकों और विद्यार्थियों ने जल संरक्षण की शपथ लिया, जिसमें पानी बचाने और उसके विवेकपूर्ण उपयोग के साथ-साथ परिवारजनों, मित्रों और पड़ोसियों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया गया। इस पहल को आगे बढ़ाते हुए, विद्यालय के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर श्रमदान के माध्यम से एक सोख पिट का निर्माण किया। यह पहल जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान प्राचार्य डॉ रमेश चन्द्रवंशी, कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

**न्यायालय-मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कबीरधाम (कवर्धा)**

आपराधिक प्रकरण क्रं.- 3766/2024
पेशी तारीख 18.07.2025
प्रोसेस नंबर 01/2025

मुरलीधर गुप्ता — परिवादी
विरूद्ध
देवलाल साहू — अभियुक्त

बनाम :- देवलाल साहू आ. शत्रुहन साहू निवासी सिघौरी पोस्ट गोरखपुरकला चौकी दशरंगपुर थाना-पिपरिया जिला-कबीरधाम छ.ग.

एतद द्वारा देवलाल साहू (जिस किसी का इस याचिका में कोई हित हो) को सूचित किया जाता है कि परिवादी मुरलीधर गुप्ता ने देवलाल साहु के नाम से अंतर्गत धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के तहत परिवाद इस न्यायालय में अपराधिक प्रकरण क्रमांक 3766/2024 पेश किया है।

उक्त मामले में इस न्यायालय में दिनांक 18.07.2025 को दिन के 11.00 बजे सुनवाई होगी। अतः देवलाल साहू आ. शत्रुहन साहू (जिनका इस याचिका में कोई हित हो) उक्त सुनवाई तिथि में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है और जो इस परिवाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें, जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो मामले की सुनवाई और उसका अवधारणा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यदि पेशी तारीख को अवकाश हो अथवा किसी कारणवश अदालत बंद रहती है तो उस दिन की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को होगी ।

आज तारीख 19 माह 06 सन् 2025 को इस अदालत की मोहर से जारी किया गया।

(मुहर)

राजेश्वरी सूर्यवंशी
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कबीरधाम
जिला कबीरधाम छ.ग.

# देखरेख के अभाव में वर्षों से सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट खराब,ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत कोलेगांव में सरकार ने क्रीड़ा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा योजना के तहत कोलेगांवा में में स्ट्रीट लाइट, सोलर पैनल लगाने में लाखों रुपए खर्च किए, लेकिन विभागीय अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों की भारी अनदेखी का खामियाजा ग्राम कोलेगांव के रहवासियों को भुगतना पड़ रहा है। बताया जाता है कि गांव की गली मोहल्ले व चौंक चौराहों में लगी स्ट्रीट लाइट वर्षो से बंद व खराब हो गई। भ्रष्टाचार के चलते योजना फलीभूत नहीं हो सकी। वहीं लाइट खराब होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि क्रीड़ा विभाग व शासन प्रशासन द्वारा सौर ऊर्जा योजना के तहत ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगवाई थी। लेकिन वो लाइट गांव को रौशन नहीं कर पा रही है। सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाईट बंद व खराब होने से शाम होते ही गांव की गलियों में अंधेरा छा जाता है। गांव की गली मोहल्ले के साथ ही मुख्य मार्ग चौंक चौराहों अंधेरा ही अंधेरा पसरा रहता है। जिससे ग्रामीणों को रात में आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा बंद सौर ऊर्जा स्ट्रटी लाईट की सुधार कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सकें।

**कलेक्टर ने खुद खोदा सोखता गड्ढा, जल संरक्षण को मिली नई ऊर्जा**

# जिले में मोर गांव-मोर पानी महाअभियान ने पकड़ी रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में आज मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत वर्षा जल संरक्षण को लेकर एक ऐतिहासिक जनभागीदारी देखने को मिली। जिले के सभी वर्गों बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने उत्साहपूर्वक श्रमदान कर जल संरक्षण के इस महायज्ञ में भागीदारी दी। इस महाअभियान की अगुवाई करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्राम लालपुर पहुंचकर अभियान की गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने न सिर्फ निरीक्षण किया बल्कि स्वयं फावड़ा उठाकर ग्राम पंचायत भवन परिसर में सोखता गड्ढा खोदा और उसमें ईंट के टुकड़े डालकर आमजन को प्रेरणा दी कि जल संरक्षण सिर्फ एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि हर नागरिक का दायित्व है।

मोर गांव मोर पानी अभियान को लेकर जिले के सभी कवर्धा, पंडरिया, बोड़ला और सहसपुर लोहारा जनपद सहित सभी नगरीय निकायों क्षेत्र में उत्साह देखा गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने ग्रामीणों के घरों का भ्रमण कर वहां बनाए गए सोखता गड्ढों का निरीक्षण किया और समझाया कि ये गड्ढे वर्षा जल को जमीन में अवशोषित करने का सशक्त माध्यम हैं, जिससे भूजल स्तर में बढ़ोत्तरी होती है। उन्होंने ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते हुए अपील की कि इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। गांव के हर कोने में आज उत्सव सा माहौल था।

अभियान में महिलाएं, बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी श्रमदान कर सोखता गड्ढों के निर्माण में जुटे हुए थे। यह दृश्य एक जनसमर्पित अभियान, जन आंदोलन स्वरूप के रूप में प्रदर्शित हुआ। इस प्रेरणादायक पहल के दौरान गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के एशिया हेड डॉ मनीष बिश्नोई भी उपस्थित थे। जिन्होंने अभियान की सराहना करते हुए इसे देशभर के लिए अनुकरणीय बताया। मो गांव मोर पानी अब केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जन-जन का संकल्प बन चुका है।

**उपलब्धि: जिले की 469 पंचायतों में 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट निर्माण व 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों ने ली शपथ**

# एक ही दिन में दो वर्ल्ड रिकॉर्ड, जिले का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कबीरधाम जिले ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि जब संकल्प जन-आंदोलन में बदल जाता है, तो असंभव भी संभव हो सकता है। जिले में वर्षा जल संचयन को लेकर चलाए गए मोर गांव-मोर पानी महाअभियान ने न केवल जन-जागृति की मिसाल पेश की, बल्कि दो अंतरराष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाकर जिले को गौरवान्वित कर दिया। सिर्फ 12 घंटे के भीतर जिलेभर में महिला, पुरूष, बुजुर्ग, युवा बच्चों सहित लाखों नागरिकों ने अपने घरों और परिसरों में सोख पिट (सोखता गड्ढा) निर्माण कर वर्षा जल संचयन को लेकर सक्रिय भागीदारी निभाई। यही नहीं, लाखों की संख्या में लोगों ने जल संरक्षण की शपथ भी ली। यह समर्पण और सहभागिता ही थी, जिसने कबीरधाम को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉड्र्स में दो श्रेणियों में दर्ज करा दिया। जिले में डेढ बजे तक 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट (सोखता गड्ढा) निर्माण किया जा चुका था और 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में जिला प्रशासन कबीरधाम ने जल संरक्षण को लेकर एक सशक्त जनआंदोलन खड़ा किया। कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी की प्रेरणादायक पहल ने इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाया। अभियान की सफलता को देखकर गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिग्र्डस के एशिया प्रमुख मनीष विश्नोई ने कवर्धा पहुंचकर संपूर्ण अभियान की समीक्षा की और इसे एक अनूठा, समर्पित और सामूहिक प्रयास करार दिया। उन्होंने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले को प्रोविजनल वर्ल्ड रिकॉर्ड प्रमाण पत्र कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सीईओ अजय कुमार त्रिपाठी सौंपा। कबीरधाम की यह सफलता न केवल जिले की उपलब्धि है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ और देश के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। यह साबित हो गया कि जब जनता, प्रशासन और नेतृत्व एकजुट हों, तो पर्यावरण संरक्षण जैसे बड़े लक्ष्य भी शीघ्रता से हासिल किए जा सकते हैं।

### इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय जिले के हर नागरिक को: कलेक्टर



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय जिले के हर नागरिक को देते हुए कहा कि यह सम्मान केवल प्रशासन की उपलब्धि नहीं, बल्कि जिले के हर उस व्यक्ति का सम्मान है, जिसने जल संरक्षण को अपना दायित्व समझा और इस महाअभियान का सक्रिय हिस्सा बना। कलेक्टर ने इस उपलब्धि को जिले की समस्त जागरूक जनता, समाजसेवी संगठनों, मीडिया के साथियों, महिला स्व-सहायता समूहों, स्कूली छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और अधिकारियों को समर्पित किया। जिन्होंने बिना किसी स्वार्थ के पूरे समर्पण और ऊर्जा के साथ इस अभियान को सफल बनाया। उन्होंने कहा कि कबीरधाम ने न केवल दो वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर एक नया इतिहास रचा है, बल्कि देशभर के लिए यह संदेश भी दिया है कि जब समाज और प्रशासन एकजुट होकर कार्य करें, तो हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है।

### 1 लाख 2 हजार 98 से अधिक सोखता गड्ढा का निर्माण

जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले के चारों विकासखंड में 469 पंचायतों के अंतर्गत 999 गांवों में डेढ बजे तक 1 लाख 2 हजार 98 सोख पिट (सोखता गड्ढा) निर्माण किया जा चुका था और 4602 स्थानों में 1 लाख 17 हजार 504 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। विकासखंड कवर्धा में 23 हजार 110 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 26 हजार 704 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। विकासखंड बोड़ला में 26 हजार 205 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 29 हजार 976 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। विकासखंड पंडरिया में 27 हजार 911 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 31 हजार 250 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया। इसी तरह विकासखंड सहसपुर लोहारा में 24 हजार 872 सोख पिट निर्माण किया जा चुका था और 29 हजार 574 नागरिकों ने जल संरक्षण के लिए शपथ लिया।

## हर गरीब के पक्का मकान का सपना हो रहा साकार: चंद्रप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत चयनित हितग्राहियों को उनके नवनिर्मित होने वाले आवास के लिए भवन निर्माण की अनुज्ञा कार्यालय में प्रदान किए।

इस अवसर पर उन्होने सभी लाभार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि सोनु उपाध्याय भी उपस्थित थे। श्री चंद्रवंशी ने हितग्राहियों को योजना के तहत मिलने वाली कुल राशि, किस्तों की प्रक्रिया एवं भुगतान की समय-सारणी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास के विजन को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने हितग्राहियों से आग्रह किया कि वे निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप में पूर्ण करें और स्वच्छ, सुरक्षित एवं सुदृढ़ आवास की ओर अग्रसर हों।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह योजना देश के हर गरीब और बेघर व्यक्ति के लिए एक वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से अब हर पात्र व्यक्ति को पक्के छत का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रारंभ की गई यह योजना सभी को आवास के संकल्प को मजबूती प्रदान कर रही है। श्री चंद्रवंशी ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व वाली छत्तीसगढ़ सरकार की सक्रिय भागीदारी और पारदर्शी कार्यप्रणाली के चलते इस योजना का लाभ सीधे ज़रूरतमंद लोगों तक पहुंच रहा है।

## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत कबीरधाम में बैठक 23 जून को

**कवर्धा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति और सामान्य सभा की बैठक 23 जून को आयोजित की गई है। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि सामान्य प्रशासन स्थाई समिति की बैठक दोपहर 12.30 बजे से तथा सामान्य सभा की बैठक दोपहर 1 बजे से जिपं के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 24 जून को

**कवर्धा।** कबीरधाम जिले के ऐसे इच्छुक अभ्यर्थी जो, निजी क्षेत्रों में रोजगार करना चाहते है, उन्हें अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कबीरधाम कार्यालय परिसर में 24 जून मंगलवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी को अपने रोजगार पहचान पत्र, समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, स्थायी जाति व निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 1 पासपोर्ट साईज फोटो, ड्राईविंग लायसेंस व अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति एवं छायाप्रतियों के साथ नियत समय में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कबीरधाम में उपस्थित हो सकते है। इसके लिए किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।


### आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के अधीन संचालित विभिन्न आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025-26 छः माही एवं एक वर्षीय व्यवसाय के लिये एवं सत्र 2025-27 द्विवर्षीय व्यवसाय के लिए इच्छुक अभ्यर्थी से 25 जून 2025 तक वेबसाइट पर जाकर आनलाईन आवेदन कर सकते हैं।

## भोरमदेव अभ्यारण्य में प्रांरभ होगी सफारी

### अभ्यारण में किया जा रहा है वाहनों का ट्रायल





■ रोमांच से भरपूर होगी भोरमदेव अभ्यारण की सफारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ राज्य में इको टूरिज्म विकास किया जाना है। इस आशय से मुख्यमंत्री द्वारा चार संरक्षित क्षेत्र का चयन किया गया है जिसमें से कबीरधाम जिला अंतर्गत भोरमदेव अभ्यारण्य सम्मिलित है।

इको टूरिज्म के विकास के लिए भोरमदेव अभ्यारण्य में सफारी का संचालन प्रारंभ किया जाना है। इसके लिए छत्तीसगढ़ राज्य में पहली बार इलेक्ट्रिस वाहन के माध्यम से सफारी प्रारंभ किए जाने का निर्णय लिया है।

वर्तमान में अभ्यारण में इलेक्ट्रिस वाहनों से ट्रायल प्रारंभ किया गया है। अब तक दो इलेक्ट्रिस वाहन मारुति जिप्सी एवं महिंद्रा जीओ के द्वारा ट्रायल संपन्न किया गया है तथा अभी भी ब्रह्मदेव के विभिन्न मार्गों में ट्रायल जारी है। प्रारंभिक चरण में भोरमदेव, बकोदा, कोकोआ, जामुनपानी, बांधा मार्ग में सफलतापूर्वक ट्रायल संपन्न किया जा चुका है। समस्त मार्गों में ट्रायल पूर्ण करने उपरांत वाहनों के परफॉर्मेंस के आधार पर उपयुक्त वाहन का चयन कर सफारी वाहन क्रय किया जाएगा एवं वर्षा ऋतु उपरांत भोरमदेव अभ्यारण में सफारी प्रारंभ कराया जायेगा।

भोरमदेव अभ्यारण्य में पूर्व में भी सफारी प्रारंभ कराया गया था किंतु उस दौरान पेट्रोल वाहनों के द्वारा सफारी का संचालन किया जा रहा था। चूंकि पेट्रोल वाहन आवाज़ करते हैं जिससे की वन्य प्राणियों को असुविधा होती थी। वर्तमान में इलेक्ट्रिस वाहनों के माध्यम से सफारी संचालन का प्रयास किया जा रहा है जिससे पर्यटकों के साथ साथ वन्य प्राणियों को भी असुविधा नहीं होगी एवं वन्यप्राणी के अधिक से अधिक की संख्या में दिखाई देने की संभावना बनी रहेगी।

### अभ्यारण में मिलेगी कई वन्यप्राणियों की झलक

यहां बताना लाजमी होगा कि भोरमदेव में कई जीव जंतु मौजूद कबीरधाम का भोरमदेव अभ्यारण 352 वर्ग किलो मीटर ईलाके में फैला हुआ है।यहां की पहाड़ियां मैकल पर्वत श्रेणियों को जोड़ती है। कोर एरिया में 160 वर्ग किलो मीटर का क्षेत्रफल है। भोरमदेव अभयारण्य के कोर एरिया में बाघ, तेंदुआ, वनभैंसा, भालू, नीलगाय, मोर, सोनकुत्ता, हिरण सहित कई वन्यजीव मौजूद हैं। यहां ऑरेंज ओकलीफ नाम की दुर्लभ तितलियां भी बड़ी संख्या में हैं। माना जा रहा है कि भारेमदेव अभ्यारण में सफारी प्रारी होने से निश्चित रूप से इको टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

## जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2025 के अवसर पर कबीरधाम जिले में 21 जून को भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन जिला प्रशासन कबीरधाम के तत्वावधान में पीजी कॉलेज डोम मैदान, कवर्धा में प्रातः 7 बजे से आयोजित होगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिकों, युवाओं और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी रहेगी। इस महत्वपूर्ण अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे और योग के महत्व को लेकर अपने विचार साझा करेंगे। वे नागरिकों को योग अपनाकर स्वस्थ जीवन की दिशा में प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वर साहू, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चन्द्रवशी, और जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी की गरिमामयी उपस्थिति भी सुनिश्चित है। यह आयोजन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के संदेश को आत्मसात करते हुए किया जा रहा है। योग को केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मानसिक, शारीरिक और आत्मिक संतुलन का माध्यम मानते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में यह एक महाअभियान के रूप में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम स्थल पर योग कर्मसु कौशल और योग संगम एवं हरित योग जैसे प्रेरणादायक नारों के साथ सहभागियों को योगाभ्यास कराया जाएगा। इसमें सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान और अन्य योग क्रियाएं शामिल होंगी। कलेक्टर ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस सामूहिक योग सत्र में भाग लेकर स्वस्थ राष्ट्र निर्माण की इस पहल में सहभागी बनें और योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं।



## 22 को टैलेंट शो के ग्रैंड फिनाले में परफॉर्म करेंगी अद्विका

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

टॉप -10 में सलेक्टेड अद्विका रावत द टैलेंट शो के ग्रैंड फिनाले में अपनी प्रस्तुति देंगी। रविवार, 22 जून को नगर के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में यह आयोजन होगा। सिंगिंग ऑडिशन में सलेक्ट होने के बाद अद्विका तीसरी बार अपना सिंगिंग परफॉर्म करने जा रही हैं। मेगा ऑडिशन का आयोजन 08 जून को वीर सावरकर भवन में किया गया था। अलग अलग जोन से पहुंचे प्रतिभागियों में कड़ी स्पर्धा के बीच अद्विका ने ग्रैंड फिनाले के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया था। टॉप 10 फाइनलिस्ट अद्विका फिलहाल अपनी बेहतर प्रस्तुति देने की तैयारी में लगी हैं। द टैलेंट शो का ऑडिशन पंडरिया, मुंगेली, बेमेतरा, गड़ई एवं कवर्धा में हुनर की खोज थीम के साथ किया गया था। सिंगिंग एवं डांसिंग दोनों ही प्लेटफार्म में सभी कंटेस्टेंट ने अपना जमकर टैलेंट दिखाया था।



अद्विका शिक्षक रमेश रावत एवं अनिता रावत की सुपुत्री हैं। अशोका पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन देवांगन ने अद्विका के प्रदर्शन पर गर्व महसूस करते हुए फिनाले के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

नगरवासियों ने श्रेयांश इवेंट्स के बैनर तले स्थानीय स्तर पर इस तरह के टैलेंट बेस्ट आयोजन के लिए आईजीएम इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर सलमान खान, इवेंट प्लानर आशीष राजपूत, श्रेयांश श्रीवास्तव, कंवलजीत कौर एवं पूरी टीम को बधाई का पात्र माना है।

## परदेशी पटेल किए गए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त

■ जनपद सहसपुर लोहारा में विकास कार्यों को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री एवं गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा विधानसभा अंतर्गत जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा में विकास कार्यों की निगरानी व समन्वय के लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है।



उप मुख्यमंत्री ने आदेश क्रमांक 634/उमुम./2025 दिनांक 19 जून 2025 को जारी करते हुए परदेशी पटेल, पिता अमृत लाल पटेल, निवासी ग्राम बिरोड़ा, पोस्ट सिल्हाटी, विकासखंड कवर्धा, जिला कबीरधाम को जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा के लिए अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करने का निर्देश कलेक्टर कबीरधाम को दिया है।

इस नियुक्ति से संबंधित कार्यों और जनपद स्तरीय बैठकों में श्री पटेल अब विधिक रूप से प्रतिनिधित्व करेंगे, जिससे स्थानीय विकास कार्यों की रफ्तार और प्रभावशीलता में इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है। उप मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी आदेश की प्रतिलिपि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और स्वयं परदेशी पटेल को भेजी गई है, ताकि आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। यह निर्णय क्षेत्रीय जनहित, विकास योजनाओं के तीव्र क्रियान्वयन और विधायक कार्यालय से जमीनी जुड़ाव को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम पहल मानी जा रही है।

**जिपं सभापति ने लोगों को किया प्रेरित, श्रमदान से जल संरक्षण के लिए सोखता गड्ढा का निर्माण**

## मोर गांव मोर पानी अभियान: धरमपुरा में निकाली गई जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रदेश सरकार की मंशानुरूप मोर गांव मोर पानी महाअभियान के अंतर्गत धरमपुरा क्षेत्र में जल संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। क्षेत्रीय जिला पंचायत सभापति डॉ. वीरेन्द्र साहू के नेतृत्व में वकायदा एक जन जागरूकता रैली निकालकर ग्राम पंचायत धरमपुरा, मानिकचौरी एवं मिरमिट्टी में ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए घर-घर जाकर रिचार्ज पिट (सोखता गड्ढा) बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. वीरेन्द्र साहू ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य घर का पानी घर में, गांव का पानी गांव में की अवधारणा को साकार करना है। जिससे भू-जल स्तर को बनाए रखा जा सके। इस महाअभियान के अंतर्गत न केवल लोगों को जागरूक किया गया, बल्कि कई स्थानों पर जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने स्वयं श्रमदान कर गड्ढा खुदाई में सक्रिय भागीदारी निभाई। डॉ. वीरेन्द्र साहू ने कार्यक्रम के दौरान जल का भविष्य में कितना महत्व है, इस विषय पर भी ग्रामीणों को विस्तार से समझाया, जिससे वे स्वयं इस अभियान का अभिन्न हिस्सा बनें। इस अवसर पर सभी पंचायतों के ग्रामवासियों ने भरपूर सहयोग प्रदान कर अभियान को सफल बनाया। महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी ने विशेष रूप से अभियान को जीवंत बना दिया।



इस जनसहभागिता एवं श्रमदान आधारित अभियान के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट रूप से सामने आया कि यदि सामूहिक प्रयास हो तो किसी भी समस्या का समाधान संभव है। जल संकट जैसी गंभीर समस्या से निपटने हेतु ऐसी पहलें अत्यंत सराहनीय हैं और अन्य क्षेत्रों के लिए भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। इस जन-जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से जिला सभापति डॉ. वीरेंद्र साहू, जिला सहाकारी बैंक के उपाध्यक्ष राधेलाल साहू जनपद सदस्य प्रतिनिधि तामेश्वर साहू, धरमपुरा सरपंच प्रतिनिधि बिरजू चंद्रवंशी, मिरमिट्टी सरपंच मोहन साहू, मानिकचौरी सरपंच रामनाथ मोहले, उरेन्द्र साहू, सागर साहू, गोविन्द यादव, मोहन साहू पंचायत सचिव नंदू सिंह, पंचगण, आवास मित्र, महिला समूह तथा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति और सक्रिय भागीदारी उल्लेखनीय रही।

## प्रतियोगिता में अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी कवर्धा की बालक एवं बालिका टीम ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

दिशा पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में गत दिनो एक दिवसीय इनविटेशन मैच का आयोजन किया गया। जिसमें 2 क्लबों के बालक तथा बालिकाओं ने भाग लिया। मैच में प्रतिभागी फाइटर क्लब भिलाई एवं अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी कवर्धा की बालक/बालिका टीम ने हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। आयोजकों से मिली जानकारी के अनुसार प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी ने फाइनल मैच में भिलाई फाइटर क्लब को 28-08 से पराजित कर अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी कवर्धा ने फाइनल का खिताब अपने नाम किया। वहीं बालिका वर्ग के फाइनल मैच में अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी कवर्धा ने भिलाई फाइटर क्लब को 15-00 से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। दोनों वर्ग में कवर्धा अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी कादबदबा बना रहा। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में दिशा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर संजय सिंह, नगर पालिका परिषद के पार्षद डोनेश सिंह राजपूत तथा अचीवर्स हैंडबॉल अकादमी के सदस्य विपिन चंद्रवंशी, फाइटर क्लब के कोच राजेश कुमार सरकार, अचीवर्स हैंडबॉल आकदमी के कोच मोहम्मद गनी खान, कनक माली, प्रियंका बर्वे, रिजवान खान, विजयभान, सोहम चंद्राकर, उदय कुमार साहू, प्रह्लाद निर्मलकर, इस्राइल खान ने उपस्थित होकर विजेताओं को पुरस्कृत किया।

